(घ) यदि हां, तो क्या सरकार वर्ष 1994–95 के दौरान तेल की कुल खरीद की एक तिहाई मात्रा स्पॉट मार्किट से खरीदने का विचार रखती है;

(ङ) यदि नहीं तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं और क्या सरकार अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों में कमी को देखते हुए तेल तथा ऐसे ही अन्य उत्पादों की कीमतों में कमी लाने का विचार रखती है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा):

(क) जी हां ।

(ख) 1992–93 और 1993–94 के दौरान खरीदे गए कच्चे तेल की औसत कीमत निम्नानुसार है :—

कच्चा तेल	अमेरिकी डालर प्रति बैरल
1992–93	17.88
1993–94 (अस्थायी)	14.65

(ग) और (घ) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमते, अनेक घटकों जैसे विश्वव्यापी मांग और आपूर्ति, उत्पादन कोटा पर ओपेक की अधिकतम सीमा, गैर-ओपेक देशों द्वारा उत्पादन, विश्व आर्थिक परिदृश्य आदि पर निर्भर करती है तथा बाजार की स्थितियों से लाभ उठाते हुए ये खरीदारियां की जाएंगी ।

(ङ) और (च) फिलहाल कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं है क्योंकि अनेक उत्पादों पर राज सहायता देकर कीमतों को प्रशासित किया जाता है ।

मिट्टी के तेल और रसोई गैस की कीमत में प्रस्तावित वृद्धि

4773. **श्री दिलीप सिंह जवेद : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्ष 1994 के वित्तीय बजट में रसोई गैस और मिट्टी के तेल की कीमतों में वृद्धि करने पर विचार कर रही है ;

(ख) क्या सरकार ने यह निर्णय मंत्रालय की सलाहकार समिति की सलाह पर लिया है ;

(ग) सरकार द्वारा कीमतों में कितने प्रतिशत की वृद्धि का विचार है ;

(घ) इस प्रस्तावित कीमतों वृद्धि का सामान्य व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा;

(ङ) क्या यह वृद्धि सरकार के नियंत्राधीन कम्पनियों के अलावा गैर-सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा उत्पादित रसोई गैस और मिट्टी के तेल की कीमतों में भी की जाएगी; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के (राज्य मंत्री) (कैप्टन सतीश शर्मा) :

(क) वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) से (च) प्रश्न नहीं उठता ।

Increase in fare and freight

4774. SHRI MD. SALIM : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) how many times his Ministry has increased the fare and freight since 1977;

(b) the details of such increase year-wise and in percentage details thereof;